■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# बी पी एस न्यूज

सच का साथी..

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक-52)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 29 जनवरी, 2024




बाबूपुरवा में दो समुदायों के बीच जमकर हुई मारपीट 7

विरोध करने वालों को रामलला का नाम लेने का अधिकार 6

## लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी एनडीए सरकार

### सीएम बनने पर पीएम मोदी ने नीतिश कुमार को दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर नीतीश कुमार को बधाई दी और कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार में मंत्री पद के रूप में शपथ लेने पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को भी बधाई दी तथा विश्वास जताया कि बिहार सरकार की नयी टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के लोगों की सेवा करेगी।उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।'' उन्होंने कहा, ''नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई। मुझे विश्वास है कि यह टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के मेरे परिवारजनों की सेवा करेगी।'' बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई।जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने रविवार को रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उन्हें पटना स्थित राजभवन में पद की शपथ दिलाई। नीतीश कुमार के साथ भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी ने नई सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। कुमार ने इससे पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हुए कहा था कि 'महागठबंधन' और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में उनके लिए चीजें ठीक नहीं चल रही थी।।



## बिहार में हुए राजनीतिक उठा पटक के बाद तेजस्वी यादव का आया बयान, कहा- खेला अभी बाकी है



नई दिल्ली। बिहार में रविवार को हुई राजनीतिक उथल-पुथल पर अब राजद नेता और पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का भी बयान आ गया है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि नीतीश कुमार पहले भी आदरणीय थे और आज भी आदरणीय है। उन्होंने कहा कि उनके 45 विधायक है, ऐसे में हम क्रेडिट क्यों नहीं लेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि यही नीतीश कुमार पहले कहा करते थे कि नौकरी देना संभव नहीं है। हम ही राज्य में स्पोर्ट्स पॉलिसी लेकर आए और 70 दिन के अंदर ही 2 लाख से अधिक नौकरियां युवाओं को दी। महज 17 महीने की सरकार में ही जेडीयू और नीतीश कुमार से राज्य में बहुत काम करवाया मगर यह एक थके हुए मुख्यमंत्री है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अभी खेल शुरू हुआ है। खेल अभी बाकी है। 2024 में जदयू खत्म हो जाएगी। राजद ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, चिकित्सा में, रोजगार, पॉलिसी लाना जैसे कई काम किए है।

राजद ही थी जिसने रात में घूम घूम कर काम किया है। भले ही आज नीतीश कुमार और जदयू के लोग शपथ लें मगर यह कुर्सी पर कितने दिन काबिज रहेंगे यह कोई नहीं कह सकता। तेजस्वी यादव ने कहा कि डिप्टी सीएम रहते हुए मैंने और राजद के मंत्रियों ने बहुत काम किया है। कैबिनेट में लाख नौकरियां की फाइल को रोका गया है। हमारी सरकार नहीं ईमानदारी से काम किया है लेकिन अभी खेला बाकी है। भाजपा नेताओं के बयान पर तेजस्वी यादव ने कहा कि दूसरों की टिप्पणी पर क्या ही कहा जाए। इसका जवाब जनता देगी। मंच से नीतीश कुमार हमारे साथ काम गिनवाते थे। तेजस्वी यादव ने कहा कि जिस वीजन के साथ आए थे उसी विजन के साथ दोबारा जनता के बीच जाएंगे।जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।


















# संपादकीय

## स्वास्थ्य सेवाओं का नियमन

हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से सरकारी अस्पतालों के कतिपय चिकित्सकों के व्यवहार के नियमन की पहल निस्संदेह रोगियों व उनके परिजनों के लिए राहतकारी साबित होगी। स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक की ओर से जारी लिखित हिदायतों में सरकारी अस्पतालों में कार्यरत सिविल सर्जनों को आगाह किया गया है कि वे मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार के लिये बाध्य करने की प्रवृत्ति से बचें। दरअसल, इस तरह के मामलों में साठ से अधिक शिकायतें आई थीं कि डॉक्टर निजी लाभ के लिये मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार करने को बाध्य कर रहे हैं। संस्तुति किये गए अस्पतालों में चिकित्सकों के निहित स्वार्थ भी शामिल हैं। आरोप लगाया गया है कि चिकित्सकों के परिजनों द्वारा निजी अस्पताल चलाए जा रहे हैं, जिनमें इलाज करवाने के लिये मरीजों को बाध्य किया जाता रहा है। विभाग ने राज्य के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को ऐसे मामलों में जांच करने के निर्देश भी दिये हैं। साथ ही कहा गया कि उन चिकित्सकों की सूची तैयार की जाए जो मरीजों को निजी चिकित्सालयों में उपचार के लिये बाध्य करते हैं। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग की आंतरिक जांच रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि कई सरकारी चिकित्सा निजी प्रैक्टिस भी करते हैं। कतिपय चिकित्सकों पर मरीजों के साथ अनुचित व्यवहार करने के भी आरोप लगे हैं। निश्चिय ही यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व आम लोग ही उपचार के लिये बड़ी उम्मीद से सरकारी अस्पतालों में जाते हैं। यदि उन्हें यहां भी उचित उपचार व सम्मानजनक व्यवहार न मिले तो फिर वे कहां जाएंगे। हालांकि, यह भी हकीकत है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक भी भारी दबाव में काम करते हैं क्योंकि सरकारी अस्पतालों में मरीजों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन उस अनुपात में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता नहीं है। कमोबेश यही स्थिति अन्य चिकित्सा सुविधाओं की भी है।लेकिन यहां यह महत्वपूर्ण है कि लोग बड़े विश्वास से सरकारी अस्पतालों में जाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग उनमें ज्यादा होते हैं। भारतीय समाज में डॉक्टरों को दूसरा भगवान कहा जाता है। मरीजों का उनमें गहरा विश्वास होता है। दरअसल, मरीज एक तो बीमारी की त्रासदी से जूझ रहा होता है। जिसमें अच्छे व्यवहार और उपचार की उम्मीद होती है। यदि ऐसे में उसे महसूस हो कि उसके साथ न्याय नहीं हो रहा है तो यह दुखद ही है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक के निर्देश सकारात्मक पहल ही है। जिससे चिकित्सकों की जवाबदेही तय की जा सकेगी। इतना ही नहीं सरकार की पहल से चिकित्सातंत्र पर मरीजों का भरोसा बढ़ेगा कि सरकार उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर है।

# डिजिटलाइजेशन से प्रदेश में सुशासन और विकास

**इस पर किसान को फसल को बेचने तथा अन्य प्रोत्साहनों की राशि सीधे उनके खातों में जमा हो जाती है।सरकारी राहत या मदद पाने में लोगों को बिचौलियों का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए अब सभी तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सब्सिडी और वित्तीय सहायता 'डी.बी.टी.' के माध्यम से दी जाती है। गांवों में मालिकाना हक से संबंधित विवादों पर अंकुश लगाने हेतु लाल-डोरा मुक्त करने की योजना शुरू की है। इस योजना को बाद में 'प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना' के नाम से पूरे देश में लागू किया गया। राज्य में 6,259 गांवों के लाल डोरा स्थित लगभग 25.03 लाख अचल सम्पत्ति के भू-स्वामियों को पंजीकृत टाइटल डीड वितरित की जा चुकी हैं।**




यह गणतंत्र दिवस हम ऐसे समय में मना रहे हैं, जब हरियाणा में 'संकल्प से परिणाम वर्ष' मनाया जा रहा है। हमने वर्ष 2014 में जनसेवा का दायित्व संभालते ही जो संकल्प लिये थे, अब उनके परिणाम लोकहित–लोकसेवा के परिप्रेक्ष्य में आ रहे हैं। हमने व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन और सुशासन से सेवा की मंजिलें तय की हैं। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी सबसे अधिक कारगर सिद्ध हुई है।

हम विकास से विकसित हरियाणा का रास्ता प्रौद्योगिकी और नीति के समुचित मेल से तय करेंगे। आज देश की राजधानी के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुई प्रदेश की झांकी वर्तमान हरियाणा को सही अर्थों में परिलक्षित करती है। हाथों में कंप्यूटर लिये महिलाएं डिजिटली सशक्त हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। प्रदेश में डिजिटलाइजेशन के जरिए परिवार पहचान–पत्र जैसी क्रांतिकारी स्कीम ने नए भारत के हरियाणा की तस्वीर बदल दी है। बीते एक दशक में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल ने प्रदेश को विकास के उस पथ पर डाला है, जिसकी एक दशक पहले कल्पना भी नहीं की गई।

हमारी सरकार के प्रदेश में जनसेवा के सवा 9 वर्ष पूर्ण हो गये हैं। वर्ष 2014 में जब प्रदेश की जनता ने हरियाणा की जनसेवा का दायित्व मुझे सौंपा था, तब हरियाणा की स्थिति ऐसी थी कि उन परिस्थितियों और सिस्टम के बीच रहकर प्रदेश को नए सिरे से विकास के मार्ग पर लाना संभव ही नहीं था। औद्योगिकीकरण की शुरुआत के बावजूद वह रफ्तार नहीं पकड़ पाया था। भ्रष्टाचार का बोलबाला था। प्रदेश के संसाधनों का मनमाना व पक्षपातपूर्ण उपयोग हो रहा था। प्रदेश की जिम्मेदारी ग्रहण करते वक्त ही अहसास हो गया था कि प्रदेश को विकास के पथ पर ले जाने हेतु समय के अनुरूप कदम उठाने होंगे।

इस बिगड़ी व्यवस्था को ठीक करने के लिये टेक्नोलॉजी के साथ सही नीतियां एक जरिया हो सकती थीं। मैं स्वयं बचपन से ही इससे काफी नजदीक से जुड़ा रहा हूं, इसलिए टेक्नोलॉजी के लाभ समझता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया के नारे से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

शायद यही वजह रही कि मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया के स्लोगन और डिजिटलाइजेशन के जरिए प्रदेश के सिस्टम में सुधार की संभावना को समझा और प्रदेश के तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने की जिम्मेदारी ली। इसलिए शुरू से ही जाति, नस्ल, क्षेत्र, पंथ या संप्रदाय के आधार पर भेदभाव किये बिना समाज के सभी वर्गों को एक संघटित इकाई मानकर विकास व समृद्धि के समान अवसर उपलब्ध कराने की नीति पर चले। टेक्नोलॉजी से सिस्टम में लोगों तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया। आज मुझे संतोष है कि प्रदेश उस पथ पर आकर खड़ा हो गया है, जहां से आगे ही जाना होगा, अब पुराने सिस्टम में नहीं जाया जा सकता।जनता को सुशासन का अनुभव कराने हेतु आवश्यक था कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा' का मंत्र लेकर चला जाए। हमने हरियाणा में सरकारी सेवाओं का डिजिटलीकरण कर शासन–प्रशासन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की। इससे आम आदमी को गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की आपूर्ति तय हुई। जनता को सरकारी विभागों में काम हेतु दफ्तरों की खिड़की–खिड़की भटकना पड़ता था। अपने काम के लिए कितने ही चक्कर लगाने पड़ते थे। यह दिक्कत तब और बढ़ जाती है जब गरीब आदमी से काम के बदले पैसे की मांग होती हो। अब हरियाणा की जनता को इन कष्टों से निजात मिल गई है। डिजिटलीकरण से सरकार ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' से एक कदम आगे बढ़ते हुए 'ईज ऑफ लीविंग' की दिशा में उपाय किये हैं।परिवार पहचान–पत्र सरकार के डिजिटलाइजेशन के संकल्प का प्रमाण है। सरकार की सभी सेवाओं का लाभ लोगों को घर बैठे बिना बाधा के संभव हुआ है। सरकार के इस प्रयास ने दफ्तर, दरख्वास्त और दस्तावेजों की आवश्यकता समाप्त कर दी है। परिवारों को जोड़ने की परिपाटी सम्मानपूर्वक शुरू की है। राशन कार्ड बनवाने की दिक्कत से लेकर पेंशन पाने की मशक्कत और जाति प्रमाण–पत्र लेने हेतु दफ्तरों के धक्के खाने की मजबूरी को परिवार पहचान–पत्र ने समाप्त किया। पात्र परिवार को सुविधाएं अब केवल परिवार के पंजीकरण के जरिए खुद–ब–खुद मिलने लगी हैं। डिजिटलीकरण से भ्रष्टाचार से निपटने में मदद मिली। नियत समय सीमा के भीतर सेवाओं की आपूर्ति होने से पारदर्शिता आई है। डिजिटलीकरण ने प्रदेश में नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाया है। अब हम बिना पर्ची–खर्ची के नारे को सभी सरकारी सेवाओं में भी ले आए हैं। अब न तो किसी कार्यालय में जाना है और न ही काम के लिए बिचौलियों को पैसे देने हैं।कृषि क्षेत्र में भी हमने डिजिटल गवर्नेंस का उपयोग कर किसानों को राहत दी है। फसलों की खरीद को सुविधाजनक बनाने हेतु 'मेरी फसल–मेरा ब्योरा' ई–खरीद पोर्टल शुरू किया है। इस पर किसान को फसल को बेचने तथा अन्य प्रोत्साहनों की राशि सीधे उनके खातों में जमा हो जाती है।सरकारी राहत या मदद पाने में लोगों को बिचौलियों का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए अब सभी तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सब्सिडी और वित्तीय सहायता 'डी.बी.टी.' के माध्यम से दी जाती है। गांवों में मालिकाना हक से संबंधित विवादों पर अंकुश लगाने हेतु लाल–डोरा मुक्त करने की योजना शुरू की है। इस योजना को बाद में 'प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना' के नाम से पूरे देश में लागू किया गया। राज्य में 6,259 गांवों के लाल डोरा स्थित लगभग 25.03 लाख अचल सम्पत्ति के भू–स्वामियों को पंजीकृत टाइटल डीड वितरित की जा चुकी हैं।राज्य में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार जमीन पर सी.एल.यू. देने में होता था। सी.एल.यू. की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन कर दी गई है। सभी सी.एल.यू. ऑनलाइन अनुमति के साथ 30 दिन में हो जाते हैं। भू–रिकॉर्ड को पूरी तरह डिजिटलीकरण करने हेतु सभी तहसीलों में समेकित हरियाणा भू–रिकॉर्ड सूचना प्रणाली लागू की गई है। अब भू–स्वामी किसी भी समय और स्थान पर भी अपनी सम्पत्तियों और भू–रिकॉर्ड का ब्योरा ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है। इससे भू–विवादों को तुरंत निपटाने में मदद मिली है। सम्पत्तियों की रजिस्ट्री कराने के लिए ई–पंजीकरण प्रणाली शुरू की गई है। अब रजिस्ट्री हेतु कोई भी व्यक्ति पहले ही अपॉइंटमेंट ले सकता है। उस जिले की किसी भी तहसील में जाकर रजिस्ट्री करा सकता है।

जमीनों की रजिस्ट्री में गड़बड़ी रोकने के लिए रजिस्ट्री के समय प्रस्तुत किये जाने वाले विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों आदि के 'बेबाकी प्रमाण पत्र' ऑनलाइन जारी किये जाते हैं। भूमि विवादों के निपटान में 'रिमांड' एक बड़ी बाधा थी। फलत: भूमि विवाद पर कई पीढ़ियों तक फैसला नहीं होता था। सरकार ने रिमांड की प्रथा को खत्म किया है।

# अब मंदिर और हिन्दुओं के शरण में पुन: लौटेंगे तेजश्वी

बिहार में पलटते राजनीतिक संकेतों के बीच राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन में अनिश्चितता के बादल छाये हुए प्रतीत हो रहे हैं। लालू और राजद के जाल में फंस चुके मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष नीतीश कुमार का दम घुट रहा और वो अपना रुख एक बार फिर बदल कर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में वापसी के लिए बेताब दिख रहें। बिहार में चल रहे सियासी उलटफेर के बीच पटना से बड़ी खबर सामने आई,मिली जानकारी के अनुसार जेडीयू 28 जनवरी को सुबह 10 बजे जदयू विधायकों की बैठक बुलाई गई है। बता दें, बिहार में विभिन्न सियासी घटनाक्रम के बीच अलग दलों ने अपनी पार्टी की बैठक बुलाई है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजभवन में आयोजित जलपान समारोह में शामिल हुए जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा उनकी पार्टी के अधिकांश नेता इसमें अनुपस्थित रहे। यह राजनीति कैसे बदलती है उसकी एक मिशाल देता हूं, साल 2012 की बात होगी। भाजपा अध्यक्ष के तौर पर अपना पहला टर्म पूरा करने के बाद नितिन गडकरी का नाम दूसरे टर्म के लिए पक्का माना जा रहा था। लेकिन तभी अरविंद केजरीवाल ने नितिन गडकारी पर भ्रष्ट होने का आरोप लगा दिया। फिर कैसे टीवी पर दिखाया जा रहा था कि गडकरी सफाई देने भाजपा के बड़े नेताओं के घर–घर जा रहे हैं। लेकिन उस समय केजरीवाल एंड टीम की तूती बोलती थी वो जिस पर उंगली उठा दे तो उस की जिम्मेदारी थी कि वो अपने आप को निर्दोष साबित करे। गडकरी आखिरदार दोबारे भाजपा अध्यक्ष नहीं बन पाए और राजनाथ सिंह को भाजपा की कमान मिली।

नीतीश और लालू दोनों ही खेमों में चुप्पी सी है और कोई भी सीधे–सीधे जवाब नहीं दे रहा है ।दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रहें हालांकि चर्चाओं के बाजार कई तरह से गर्म हैं। थोड़ी देर पहले सामने आया था कि लालू–नीतीश में कोई बात नहीं हो रही है, लेकिन अब ये भी सामने आया है कि, लालू ने नीतीश कुमार कई बार फोन किया है पर कॉल असफल रहीं है। लालू ने 5 बार किया नीतीश को फोन पर उठा नहीं। बिहार की राजनीति में उठे सियासी तूफान के बीच चर्चा है कि लालू यादव ने नीतीश कुमार को 5 बार फोन मिलाया है, लेकिन मौजूदा बिहार सीएम ने बात करने से ही इनकार कर दिया है. लालू यादव ने लैंड लाइन से भी फोन मिलाया, लेकिन उस पर भी बात नहीं हुई है। कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि लालू यादव इस पूरे सिनेरियो पर स्पष्ट स्थिति जानना चाह रहे हैं, लेकिन नीतीश कुमार अभी कोई भी जवाब देने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। वक्त बदला और मोदी सरकार आने पर राम मंदिर बन गया और अब हिन्दू भाजपा से सीधे जुड़ा हुआ है जिससे घबराकर तेजस्वी और ममता जैसे लोग अब भजन कीर्तन कर रहें ताकि बिहार की राजनीति में मोदी का प्रभाव कम रहें।रह गए वो केजरीवाल जिनके कभी केवल आरोप लगा देने पर भाजपा कि हिम्मत नहीं थी कि वो गडकरी को दूसरा टर्म दे दे आज वो केजरीवाल कोर्ट में गडकरी समेत आधा दर्जन नेताओं से अपने झूठे आरोपो के लिए माफी मांग चुके हैं ।केजरीवाल के बेहद करीबी आधा दर्जन लोग भ्रष्टाचार के मामलों में जेल में बंद हैं और उन्हें जमानत नहीं मिल रही। केजरीवाल खुद ईडी से भागते फिर रहे हैं। और अभ उन सभी नेताओं से हाथ मिला चुके हैं जिन पर भ्रष्ट होने और भाजपा के साथ मिले होने का आरोप लगाते थे। मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता यह सार्वजनिक जीवन का आधार है। गडकारी अपनी मूल्यों पर टिके रहे तो बुरे वक्त से सूरज की तरह चमक कर बाहर निकले। उन्होंने भारत के विकास गाथा में अपनी वो जगह बना ली है जिसे कोई मिटा नहीं सकता। आज किसी को याद भी नहीं कि उन पर कभी कोई आरोप भी लगे थे। वहीं केजरीवाल ने अपने मूल्यों को तिलांजलि दे दी। आज उनके पास एक आपेक्षित राजनीतिक सफलता है दो राज्यों में उनकी सरकार है लेकिन यह सपलता भी धीरे–धीरे लुप्त हो जाएगी।कभी दीनदयाल उपाध्याय अपने बैग में सुई धागा लेकर चलते थे ताकि जब कुर्ता फट जाए तो उसे सिला जा सके और आज भाजपा के पास संसाधनों का कोई ओर–छोर ही नहीं है। समाज पहले आपको परखता है और नीयत ठीक होने पर फिर भर–भर कर देता है।जो उथले हैं वो सब बाहर हो जाएंगे। 243 सीटों वाली विधानसभा में फिलवक्त सीटों का गणित कुछ इस तरह है। राजद+कांग्रेस+लेफ्ट की सीटों को मिला लिया जाए तो 79+19+16 यानी 114 का नंबर बनता है। मतलब साफ है बहुमत के लिए 8 विधायकों की कमी है।



**लालू खेमा इन्हीं 8 विधायकों को साधने में जुट गया है। वहीं, नीतीश कुमार अपने आवास पर जेडीयू के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। लालू जादुई आंकड़ा जुटा लें, इससे पहले ही नीतीश विधानसभा भंग कर सकते हैं। सज़ा हासिल करने के लिए सीटों के समीकरण की बात करें तो जीतन राम मांझी की पार्टी के 4 विधायक हैं। ओवैसी के पार्टी का 1 विधायक, एक निर्दलीय विधायक सुमित सिंह हैं।अगर लालू इन्हें भी साथ लेते हैं तो नंबर बनता है 120 का। अभी भी लालू को 2 विधायक और चाहिए। वहीं, सीएम हाउस के बाद राबड़ी आवास में भी हलचल तेज हो गई है।**

**पंकज कुमार मिश्रा, मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

# शिवम पार्वती आर्ट्स् क्रियेशन्स की नई फिल्म 'मेरे साथी मेरे प्यार' का ट्रेलर जारी




मानवीय संवेदनाओं व रिश्तों की जटिलताओं को भी उम्दा ढंग से रेखांकित करती बिहार और झारखंड की पृष्ठभूमि पर बनी हिंदी फीचर फिल्म 'मेरे साथी मेरे प्यार' अब बहुत जल्द ही सिनेदर्शकों तक पहुँचने वाली है। शिवम पार्वती आर्ट्स् क्रियेशन्स के बैनर तले निर्मित इस फिल्म का ट्रेलर पटना गांधी मैदान के नज़दीक स्थित आई एम ए हॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में जारी किया गया। जयराम प्रसाद व गोपाल चन्द्र गोप द्वारा प्रस्तुत इस पारिवारिक फिल्म की कहानी ग्रामीण परिवेश से आरंभ होकर शहर तक पहुंचती है। अनाथ बिरजू को हीरा और उसकी पत्नी गौरी पुत्रवत स्नेह देते हैं जो पड़ोसी महिलाओं को रास नहीं आता। इस फिल्म की खास बात यह है कि इस फिल्म के निर्माता, निर्देशक व लेखक अजय वीरेन्द्र साहा बिहार और झारखंड प्रदेश से संयुक्त रूप से जुड़े हैं। इस फिल्म के मुख्य कलाकार विकास कुमार, श्वेता शर्मा, सचिन कुमार, गोपाल चन्द्र गोप, वीरेन चौहान, सीमा गोस्वामी, हेमलता शर्मा, विकाश कुमार बिट्टू, असनीव, सीमा गुप्ता, रेणु, अशोक कुमार, रोशन कुमार, निवास कुमार और आइटम गर्ल गुड़िया यादव आदि हैं। बिहार और झारखंड के खूबसूरत वादियों में फिल्मांकित इस फिल्म के सहनिर्माता सपन दास, सुरेश महतो व आनंद राय, गीतकार इंदल पंडित, संगीतकार नीतेश निराला, नृत्य निर्देशक अशोक माईती व गणेश अक्षत, एक्शन मास्टर नवीन, प्रोडक्शन डिजाइनर रमेश सिन्हा और कैमरामैन कमल हैं।

**प्रस्तुति:काली दास पाण्डेय**

# 17 अप्रैल 2024 रामनवमी पर देश को राममय बनाने की संभावना



गोंदिया। वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का महापर्व देखा और करोड़ों भक्त गानों का रुझान आध्यात्मिक आस्था के प्रति पूरी दुनियां ने देखा जो राममय में सराबोर हो गए राजनीतिक विशेषज्ञों को आभास जरूर हुआ होगा कि यह ट्रेंड वोटो में तब्दील होकर कहां जाएगा। मेरा ऐसा अंदेशा है कि लोकसभा चुनाव अप्रैल के दूसरे सप्ताह से शुरू हो सकते हैं, जो करीब 7–8 चरणों में हो सकते हैं इस अंदेशे का आधार यह है कि सोशल मीडिया में तीन दिनों पूर्व चुनाव आयोग का एक पत्र वायरल हुआ जिसमें 16 अप्रैल 2024 को लोकसभा चुनाव शुरू होने की बात कही गई थी बाद में चुनाव आयोग ने इस तारीख का को लेकर वस्तु स्थिति बताई, जिसकी चर्चा हम नीचे करेंगे लेकिन मेरा मानना है कि करीब करीब तय होने का अंदेशा है कि लोकसभा चुनाव 2024 अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में शुरू हो सकते हैं और अप्रैल 2024 में ही 17 तारीख को रामनवमी है जो प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामनवमी आ रही है जिसका सूर्य अभिषेक करने का उत्सव मनाने की फिर रणनीति बनाकर तैयारी है जिसका क्रियान्वयन भव्य तरीके से होगा ऐसा मुझे अंदेशा है 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी को पूरे देश में जोरदार ढंग से मनाने का अंदेशा है जिसका पूरा–पूरा लाभ 2024 लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टी को मिलना निश्चित है और लक्ष्य अबकी बार 400 पार का संभव होने की पूरी पूरी उम्मीद है इसका सटीक उदाहरण इंडिया गठबंधन के दो सीएम द्वारा एकला चलो विचार और अब दिनांक 25 जनवरी 2024 को बिहार सीएम के संकेत और दिल्ली में बिहार नेताओं की मीटिंग से बात समझ में आ रही है इसलिए 400 प्लस मे दो स्तंभ लग जाएंगे बाकी का काम प्रभु श्री राम द्वारा करने की आस्था लगाई जा रही है इसलिए ही 17 अप्रैल 2024 को फिर प्राण प्रतिष्ठा से कहीं अधिक जोरदार माहौल बन सकता है जिसकी लहर में 400 प्लस पर सटीक निशाना को रेखांकित किया जा सकता है। चूंकि रामनवमी 17 अप्रैल 2024 लोकसभा चुनाव के बीच में ही आ रही है इसलिए राम भक्तों का पार्टी को वोट देने में उमड़ेगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,रामनवमी 17 अप्रैल 2024 बनाम लोकसभा चुनाव अप्रैल 2024साथियों बात अगर हम देश को राममय के कार्यक्रम की करें तो, देश को राममय करने का कार्यक्रम यहीं रूकने वाला नही है। राम मंदिर आंदोलन और इसके निर्माण के लिए धन संग्रह अभियान से जुड़े लोगों की सूची तैयार की गई है। जिनको 45 दिनों तक दर्शन करवाने का कार्यक्रम भी मंदिर ट्रस्ट ने तैयार किया है।रोजाना 25 हजार राम भक्तों को अयोध्या दर्शन के लिए प्रांत वाइज बुलाया जाएगा। जिनके रहने व खाने की व्यवस्था भी मंदिर ट्रस्ट ही करेगा। यह बड़ा कार्यक्रम होगा। मंदिर में रामलला को प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त पर श्रद्धालुओं को अयोध्या आने से रोकने की जरूरत क्यों आ पड़ी? इसके जवाब में श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बताते हैं,अयोध्या अभी करोड़ों की भीड़ की व्यवस्था करने की स्थिति में नही हैं। जनवरी 2024 में अयोध्या में कठोर जाड़ा पड़ता है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन करोड़ों रामभक्त अयोध्या आना चाहेंगे। जिससे लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गंभीर संकट पैदा हो सकता हैं। जिसे संभालना मुश्किल होगा। ऐसे में गांव गांव में इस उत्सव को आनंदोत्सव के रूप में मनाने की योजना बनाई गई।क्या आम चुनाव के पहले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य मंदिर में दर्शन शुरू होने का असर 2024 के चुनाव पर पड़ेगा? इसके जवाब में मंदिर ट्रस्ट का साफ कहना है कि राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़ा है। यह धार्मिक होने के साथ–साथ राष्ट्रीय मुद्दा बना है। प्रभुराम राष्ट्रीय महापुरुष हैं। देश में रामराज्य की स्थापना परम लक्ष्य है। राम मंदिर अब राष्ट्र का मंदिर बन गया है। यही सवाल जब बीजेपी के अयोध्या महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव से किया तो वो इस सवाल का सीधा जवाब न देकर कहते हैं राम मंदिर बीजेपी के पांच प्रमुख संकल्पों में से एक है। कॉमन सिविल कोड, राम मंदिर, कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति जैसे विषय राष्ट्रवादी हैं। इनका चुनावी राजनीति से लेना देना नहीं है। जो रामभक्त है उन्हें मालूम है कि राम मंदिर की लड़ाई किसने लड़ी। लेकिन राम मंदिर बीजेपी का सदैवसांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जुड़ा मुद्दा रहा है। कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहा। लेकिन राम मंदिर के नाम पर हमें जो स्वत: लाभ मिलता रहा है आगे भी मिलेगा।साथियों बात अगर कर हम 19 जनवरी 2024 को चुनाव आयोग का पत्र मीडिया में वायरल होने की करें तो सोशल मीडिया पर लोकसभा चुनाव की तारीख वाला एक लेटर खूब वायरल हो रहा है।इस लेटर के बाद अटकलों का दौर शुरू हो गया है. विभिन्न संबंधित अधिकारियों कोसंबोधित करते हुए लेटर में ऐसा संकेत दिया गया है कि 2024 का लोकसभा चुनाव 16 अप्रैल से शुरू होगा।वायरल नोटिफिकेशन में संबंधित अधिकरियों को इसी तारीख को ध्यान में रखकर बाकी चीजें प्लान करने का सुझाव दिया गया है. अब चुनाव आयोग ने भी इस संबंध में स्पष्टीकरण जारी की है.वायरल लेटर पर चुनाव आयोग ने एक प्रेस रिलीज जारी कर साफ किया कि लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव संबंधीगतिविधियों की योजना बनाने और उसे समय पर पूरा करने की जरूरत है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**


## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस–पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन–प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.– 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सज़्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक–युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# आग तापती वृद्धा की झुलसने से मौत

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के आवास परिसर में हुआ हादसा हैलट अस्पताल में वर्न वार्ड न होने के कारण उर्सला रिफर किया गया, जहां इलाज के दौरान हुई वृद्धा की मौत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर के जेएसवीएम हॉस्पिटल के अवासीय परिसर में आग ताप रही एक वृद्धा बुरी तरफ झुलस गयी। हैलट अस्पताल में वर्न वॉर्ड न होने के कारण वृद्धा को परेड स्थित उर्सला अस्पताल भिजवाया गया, जहां इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गयी।प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर के हैलट अस्पताल में 24 घंटे पैथोलॉजी के प्रभारी अभय श्रीवास्तव की 77 वर्षीय वृद्ध माता गिरजा श्रीवास्तव बुधवार की दोपाहर हीटर से आग ताप रही थी। आग तापने के दौरान उनके कपडो में कब आग लग गयी वह नही जान सकी और उनके कपडों में आग फैल गयी। आग से वृद्धा बुरी तरह झुलस गयी, जिसके बाद उन्हे हैलट अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन हैलट अस्पताल में बर्न विभाग न होने के कारण वृद्धा को उर्सला अस्पताल रिफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गयी। हैलट में वर्न विभाग होता तो सयम से इलाज मिलने के कारण वृद्धा का जीवन बच भी सकताथा लेकिन यह बडे ही दुर्भाघ्य का विषय है कि देश के टॉप मेडिकल कॉलेज की श्रेणी में आने वाले मेडिकल कालेज,जिसमें विश्व स्तरीय सुविधा होने की बात कही जाती है उसके हैलट अस्पताल में अभी तक एक वर्न वार्ड भी नही बन सका। क्या इसकी जरूरत हैलट प्रशासन ने कभी नही समझी या फिर यह महसूस क्यो नही किया गया कि वर्न वार्ड के नाम पर केवल उर्सला में ही सुविधा है, इस सुविधा के लिए हैलट में भी वर्न वार्ड तैयार किया जाना चाहिए। बीते समयों पर कई बार हैलट के विकास के लिए बजट पास किया गया और नव निर्माण कराये गये लेकिन बीते पांच वर्षो में जीएसवीएम मेडिकल के हैलट अस्पताल में एन वर्न वार्ड नही बनाया जा सका।

# सूदखोरों की दबंगई :युवक को जमकर पीटा, पुलिस आयुक्त से लगाई न्याय की गुहार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सूदखोर ने लेनदेन मामले में खुलकर दबंगई दिखाई।

युवक पर घात लगाकर धावा बोल पहले जमकर मारपीट की और फिर असलहा की दम पर रंगदारी माँगी गयी, पीड़ित ने पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। पोनी रोड शुक्लागंज निवासी अंकित दीक्षित ने बताया कि वो प्राइवेट नौकरी करके अपना जीवन यापन कर रहा है उसने मजबूरी वश चकेरी के रहने वाले निर्मल गुप्ता से बीस हजार रुपया उधार लिए थे, जिसका ब्याज 10 प्रतिशत प्रति माह के हिसाब से दे रहा था जिसका मूल धन से अधिक एक लाख रुपया निर्मल वसूल चुका है। परन्तु वो अभी भी 50 हजार रुपया की और मांग कर रहा है।

बकौल अंकित जब वो बीती 12 जनवरी को वो चुन्नीगंज पेट्रोल पम्प के बगल से होकर अपोलो स्पेक्ट्रा हास्पिटल वाली गली से ग्वालटोली जा रहा था आरोप है कि वहाँ पहले से मौजूद निर्मल गुप्ता और दीपक गुप्ता एवं उसके साथ 4-5 अन्य साथियों ने अंकित को जबरन रोक लिया और निर्मल ने गाली गलौज करते हुए मुंह में कट्टा लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए 50 हजार रुपया परिवार वालों से मंगवाने के लिए कहा जब अंकित ने मना किया तो निर्मल ने अंकित सिर पर कट्टे की नाल सटाकर फायर कर दिया। लेकिन फायर मिस हो गया इसके बाद इन लोगों ने प्रार्थी को तमन्चे की बट व धारधार हथियार से मारना शुरू किया और अंकित की चेन और अंगूठी लूट ली।

चीख पुकार सुनकर पास से गुजर रहे अंकित कुमार ने बीचबचाव की कोशिश की तो उससे भी दबंगों ने गाली गलौज की। पीड़ित अंकित ने घटना के तुरंत बाद पुलिस को डायल 112 में सूचना दी और कर्नलगंज थाने गया लेकिन पुलिस ने उसे कार्यवाही करने का आश्वासन देकर टरका दिया।

# शरारती तत्वों ने किया बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित

## जानकारी के उपरांत ग्रामीणों में फैला रोष, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स





**आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराकर पुन: उसी स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित करने की पुलिस प्रशासन द्वारा कही गयी बात**

कानपुर नगर, जहां एक तरफ पूरा कानपुर श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के आनन्द में डूबा हुआ था तो वहीं हमारे बीच कुछ एसे भी अराजक तत्व है जो शहर की शांति को लगातार भंग करने की कोशिश में लगे रहते है। गनीमत यह कि शहर के चौकन्ना पुलिस प्रशासन की तत्काल कार्यवाही के कारण कई बार अप्रिय घटना होने से बच जाती है। इसी प्रकार एक और घटनाक्रम में कुछ शरारती तत्वों द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकी जी की प्रतिमा को क्षति पहुंचाते हुए खंडत कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा नई मूर्ति स्थापित कराने की बात के बाद नाराज ग्रामीण शांत हुए। जानकारी के अनुसार थाना नरवल क्षेत्रके गांव दलपतपुर में सोमवार की देर रात कुछ शरारती तत्वो ने गांव के बाहर लगी बाबा साहेब में मूर्ति को खंडित कर दिया। अंबेडकर जीकी प्रतिमा का एक हाथ तोड दिया गया था। सुबह जब इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो बडी संख्या में वहां ग्रामीण उपस्थित हो गये और नारेबाजी करने लगे। हंगामें की सूचना पाते ही मौके पर पुलिस फोर्स पहुंच गयी और नाराज ग्रामीणों को किसी प्रकार शांत कराया। एसीपी चकेरी का चार्ज संभाल रहे एसीपी कलक्टरगंज ने बताया कि घटना की जनाकारी मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेज दिया गया है। कुछ शरारती तत्वों द्वारा किया गया यह कार्य दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों से बात कर उसी स्थान पर नई मूर्ति लगवाने की बात कही गयी है और ग्रामीणों को शांत कराया गया है। जांच के दौरान जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कार्यवाई की जायेगी।

# झांसी से कानपुर के बीच बस चलाने वाले रोडवेज चालक की मौत



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर में रोडवेजकी बस चलाने वाले एक बस चालक की डिपों में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। मौत के कारणों का स्पष्ट तो पता नही चल सका लेकिन बताया जाता है कि चालक की कुछ तबियत खराब थी।जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र के अर्तंगत आने वाले रोडवेड के कार्यालय में एक रोडवेज बस चालक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। मृतक बस चालक के फुफेरे भाई अमन पाल ने बताया कि बस चालक 32 वर्ष का तथा कानपुर देहात के डेरापुर का रहने वाला था। उसकी मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि वह झांसी के कानपुर के बीच रोडवेज बस चलाते थे और बुधवार को झांसी से बस लेकर कानपुर के विकास नगर डिपो पहुंचे थे। वहां मौजूद लोगों की माने तो चालक संतोष की दोपहर में अचानक तबियत खराब हो गयी थी, जिसके बाद उनके साथी कर्मियों द्वारा उन्हे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया था। मृतक संतोष के परिवार में उनकी पत्नी अंजू तथा एक पुत्र भी है। घटना की जानकारी के उपरान्त थाना नवाबगंज की पुलिए मौके पर पहुंची।

# टेनरी में बिगड़ी मजदूर की तबियत, डाक्टरों ने घोषित किया मृत

## टेनरी के बाहर मजदूर के परिजनों का शव रखकर हंगामा

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। जाजमऊ क्षेत्र की एक टेनरी में काम करने वाले एक अधेड व्यक्ति की अचानक तबियत खराब हो गयी। जब उसकी तबियत ज्यादा बिगडी तो उसे उसके साथी रामादेवी स्थित कांशीराम अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। वहीं टेनरी कर्मी की आर्ट अटैक के मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाजमऊ क्षेत्र के गज्जू पुरवा इलाके में स्थित एक टेनरी में एक अधेड उम्र के काम करने वाले मजदूर की टेनरी में ही अचानक तबियत खराब हो गयी। ज्यादा तबियत बिगडने के कारण टेनरी में काम करने वाली अन्य लोगों द्वारा अधेड को रामादेवी स्थित काशीराम हास्पिटल इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन वहां अस्पताल के डाक्टरों ने अधेड को मृत घोषित कर दिया। अधेड की मौत की सूचना पर उसके घर में कोहराम मच गया और आनन-फानन में अधेड के परिजन मौके पर पहुंच गये। परिजनों द्वारा टेनरी के बाहर शव को रखकर मुआवजे की मांग की जाने लगी। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी प्रकार हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कराया तथा कार्यवाही की बात कही।

# मस्जिद में घुस चोर ने नमाजी का पार किया मोबाइल

कानपुर ।शहर में चोरों का आतंक छाया हुआ है। कोई भी समारोह हो या शादी-विवाह के कार्यक्रम हर जगह चोर घात लगाये बैठे रहते है और मौका पाते ही चोरी कर लेते है, यहां तक कि मंदिर और मस्जिद भी अब इन चोरों से महफूज नही रहे। एक ऐसी ही घटना में जाजमऊ की गल्ला गोदाम स्थित नबी करीम मस्जिद में एक चोर ने एक नमाजी का मोबाईल फोन चोरी कर लिया, जिसका विडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।जाजमऊ डिफेन्स कॉलोनी निवासी फौजान ने बताया कि वह ईशा की नमाज पढने के लिए गल्ला गोदाम स्थित नबी करीम मस्जिद गये थे, जहां नमाज के दौरान उनका मोबाईल चोरी हो गया। वहीं सीसी टीवी देखने पर पता चला कि एक युवक मस्जिद के अंदर घुसा और मोबाईल सहित जैकेट भी लेकर फरार हो गया। पूरा वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। गनीमत यह रही कि फुटेज के आधार पर चोर को पहचान लिया गया। मस्जिद के इमाम मौलाना परवेज ने बतायाकि युवक के घरकी जानकारी की गयी और जब वहां पहुंचा गया तो उस युवक ने मोबाइल वापस कर मांफी मांगी और भविष्य में ऐसा कार्य न करने का वायदा किया।



# राज्यपाल ने क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर विभिन्न राज्यों से आये कारीगरों का किया उत्साहवर्धन




बीपीएस न्यूज

कानपुर। राज्यपाल उ0प्र0 आनन्दी बेन पटेल ने लाजपत भवन, मोतीझील में आयोजित क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर विभिन्न राज्यों से आये कारीगरों का उत्साह वर्द्धन किया तथा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया।इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी कानपुर में 26 जनवरी से 30 जनवरी, तक आयोजित की जा रही है। क्राफ्टरूट्स भारत के 21 राज्यों में 25000 से अधिक कारीगरों को सशक्त बनाने के लिये समर्पित एक अग्रणी संस्था है। यह शिल्प प्रदर्शनी हमारे सांस्कृतिक रूप से समृद्व राष्ट्र के विभिन्न कोनों से 80 शिल्पों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक कारीगरों को एक जीवंत मंच प्रदान करेगी। क्राफ्टरूट्स कानपुर प्रदर्शनी परंपरा और नवीनता के अनूठे मिश्रण का वादा करती है, जिसमें काच बनाने, मिट्टी के बर्तन, पारंपरिक नेल पेंटिग और विभिन्न अन्य शिल्पों में लाइव कार्यशालाये शामिल है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से आगंतुको को इन शिल्पों के पीछे की जटिल प्रक्रियाओं को देखने का अवसर मिलेगा, जिससे कारीगरों के कौशल और समर्पण के प्रति गहरी सराहना बढेगी।उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 60 प्रदर्शनी आयोजित हो चुकी है लेकिन जितना प्यार व सहयोग कानपुर में मिला है इतना कही और नही मिला, इससे कारीगरों का उत्साह बढेगा और उनकी कला को सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि कला (आर्ट) एक विशेषता है। उन्होंने कहा कि हमारा ऐसे कई परिवारों से मिलना हुआ जो क्राफ्ट बनाते थे उसीसे उनका परिवार चलता था। उन्होंने कहा कि क्राफ्ट हमारी कला है जो लुप्त हो रही है। ऐसी प्रदर्शनी का आयोजन कर लुप्त हो रही कला को बचाना है और कारीगरों को अवसर प्रदान करना है। क्राफ्ट से गरीब लोग जुडे है, हमें उनकी मद्द करनी है उन्हे सहयोग करना है। गरीब कमायेगा तो अपने बच्चों को पढायेगा और उनकी अच्छी परवरिस करेगा।उन्होंने कहा कि जब हम यह सोचते है कि हमे कुछ अच्छा करके दिखाना है तो आप उसको कर दिखाते है। उन्होंने कहा कि हमारा जो कौशल है उसको बचाना है यदि हम थोडा सहयोग करेंगे तो लोगों को रोजगार मिलेगा, यही क्राफ्ट रूट का लक्ष्य है, आपका का थोडा सा सहयोग कितने लोगों की मद्द करता है। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है, जो विभिन्न राज्यों के कारीगरों को अपनी शिल्प कौशल दिखाने और पारंपरिक कलाओं को बढावा देने में योगदान देने के लिये एकजुट करता है। इस अवसर पर महापौर प्रमिला पाण्डेय, कुलपति छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय विनय पाठक सहित आयोजकगण, विभिन्न राज्यों से आये शिल्पकार व जनसामान्य उपस्थित रहे।

## चालक संघ ने मनाया गणतंत्र दिवस

बीपीएस न्यूज

कानपुर। गणतंत्र दिवस' 2024 के शुभ अवसर पर उ0प्र0 वाहन चालक/कर्मचारी संघ द्वारा केन्द्रीय कार्यालय नगर निगम प्रेस बिल्डिंग मोतीझील के सामने ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का कार्यक्रम मुख्य अतिथि सम्मानित अखिल भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी सुखदेव मिश्रा के करकमलों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद कुमार, अखिलेश सिंह, माधवराज, अरविन्द यादव जोनल स्वच्छता अधिकारी जोन-5, रफजुल रहमान बाबू रविश डिपो इंचार्ज, राजेन्द्र बाबू, मनोज बाबू, किशोर अहूजा, कपिल निगम, सुरेश , बृजेन्द्र पाल, शकील अहमद, सब्बू भईया, आदि भारी संख्या में चालक/कर्मचारी साथी उपस्थित हुये।



## बस एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया 75 वां गणतंत्र दिवस

कानपुर। बिठूर के मंधाना चौराहे पर कानपुर महानगर बस सेवा रूट नंबर दो के तत्वाधान में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया झंडा रोहण के बाद मंच संचालन कर रहे मनोज तिवारी के राष्ट्रीय गीतों से झूम उठे भक्त वाहन स्वामी व चालक परिचालक ने एक दूसरे को पहनाई माला जय हिंद जय भारत भारत माता की जय की रहीं गूंज वाहन स्वामियों ने एक दूसरे को डायरी भेंट कर किया सम्मान वहीं उपस्थित लोगों को लड्डू बिस्कुट चाय लंच पैकेट आदि का किया गया वितरण इस मौके पर मनोज तिवारी विपिन भाटिया गुड्डू शुक्ला विजय राजपूत संदीप शुक्ला उपेंद्र मिश्रा प्रदीप शुक्ला घनश्याम मिश्रा बाबूलाल त्रिपाठी प्रदीप त्रिपाठी कल्लू अवस्थी पप्पन मिश्रा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## कानपुर प्रेसक्लब अध्यक्ष ने ध्वजारोहण कर पत्रकार बंधुओं को किया सम्मानित

बीपीएस न्यूज

कानपुर । जीवन प्रसार नशा मुक्ति केंद्र व हिंदुस्तान न्यूज एक्सप्रेस/ बावन अवतार टाइम्स कार्यालय किदवईनगर यशोदा नगर बाईपास बालाजी मार्केट के सामने कन्या प्राइमरी स्कूल के बगल में 75 वें गणतंत्र दिवस पर कानपुर प्रेसक्लब अध्यक्ष सरस बाजपेई ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र गान गाया ।इस दौरान उन्होंने अपने वक्तव्य में कहां कि हमें जो पद मिला है उसकी गरिमा को बनाये रखना चाहिए, न्याय की कुर्सी में बैठ कर कोई ग़लत न्याय न करें ऐसा प्रयास करना चाहिये 7 हमें जाति धर्म मजहब के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करना चाहिये और यह सुनिश्चित कराना चाहिये कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा बनी रहे । कार्यक्रम में उपस्थित सभी केन्द्र व पत्रकार बंधुओं को भारतीय गणतंत्र का संकल्प की शपथ दिलाई गयी जिसमें प्रतिज्ञान कराया गया कि हम भारत के लोग, भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास,धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर एतद्ववारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है ।इसी कड़ी में संस्था द्वारा गुलमोहर विहार बसंत विहार बाईपास पर तहरी वितरण का भी भव्य आयोजन किया गया जहां राहगीरों को रोक रोक गरमागरम तहरी दी गई ।इससे पूर्व मुख्य अतिथि का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में केन्द्र व पत्रकार बंधुओं को मुख्यअतिथि द्वारा बैच, राधे-राधे नाम का पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर डॉ दिनेश चन्द्र शुक्ला, अंकुर गुप्ता, राजेश कश्यप, राजेश तिवारी, प्रदीप सचान, जितेन्द्र गौतम, रमजान अली, शिवराज साहू मंत्री प्रेस क्लब,मदन त्रिपाठी,राजन सविता, संदीप सिंह,पवन श्रीवास्तव,नानक चंद्र,अमरीश त्रिपाठी आदि रहे ।








## 75वें गणतंत्र दिवस पर एनसीसी कैडेट्स व अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

बीपीएस न्यूज

कानपुर । सीएसए में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया इस अवसर पर कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह ने मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण किया। तथा राष्ट्रगान के पश्चात कुलपति एवं उपस्थित विश्वविद्यालय परिसर के सभी सदस्यों व एनसीसी कैडेट्स एवं सुरक्षाकर्मियों ने तिरंगा को सलामी दी।तत्पश्चात कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह ने सभी को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व विद्यालय परिवार की ओर से हम उन सभी योद्धाओं को नमन एवं श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं।


जिनकी वजह से हम इस दिन को मना रहे हैं। कुलपति ने कहा कि कृषि शिक्षा, शोध एवं प्रसार कार्यों के क्रियान्वयन हेतु देश में शोध संस्थानो, राज्य कृषि विश्व विद्यालयों ,कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से देश की कृषि व्यवस्था सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न फसलों की अधिक उत्पादन क्षमता वाली 301 से अधिक प्रजातियों का विकास किया गया है। जो किसानों की आय वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। डॉक्टर सिंह ने बताया कि कृषि में ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एक ड्रोन का क्रय किया जा चुका है।उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2022-23 में गेहूं की के1616, राई की सुरेखा एवं अलसी की अनु तथा प्रज्ञा दो प्रजातियां विकसित की गई हैं। साथ ही विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा 07 शस्य तकनीकियां विकसित की गई हैं।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राजीव ने किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीश कुमार ने बताया कि इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि है एनसीसी अधिकारी डॉ सर्वेश कुमार एवं डॉक्टर सोमवीर सिंह को भी उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी निदेशक, अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर एवं अन्य संकाय सदस्य तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पी एचडी एवं एमबीए छात्रों के मध्य क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आयोजन भी किया गया। तथा कुलपति द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र एवं नकद धनराशि भी प्रदान की गई।

## एजूकेशन सेंटर में काँग्रेस प्रदेश सचिव एवं सीनियर एडवोकेट कुलदीप आनन्द बाबा ने किया ध्वजारोहण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। देश के 75 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर यूपिका एजूकेशन सेंटर चकेरी एयरोड्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करने के उपरांत छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुये काँग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव कुलदीप आनंद बाबा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश का बहुत ही गौरवमयी पर्व है आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को सम्पूर्ण भारत मे भारतीय संविधान लागू किया गया था जिसे आज सम्पूर्ण भारत एकजुट होकर गणतंत्र दिवस के रूप में बहुत ही हर्सोल्लास के साथ मनाता है। भारत देश को ऐतिहासिक, सुगम, सरल व व्यवहारिक लोकतंत्र का दर्जा प्रदान करवाने में देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर का विशेष योगदान रहा है। आज उन्हीं के द्वारा निर्मित विश्व के खूबसूरत संविधान द्वारा संपूर्ण देशवासियों को उनके मौलिक अधिकार प्राप्त हो रहे हैं हम बाबा साहब अंबेडकर, महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, मौलाना अबुल कलाम आजाद एवं देश उन सभी महान क्रांतिकारियों का ऋणी हैं जिन्होंने हमें आज यह दिन देखने का अवसर प्रदान किया। हमारा देश शिक्षा सभ्यता एवं संस्कृति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने यह भी कहा कि यूपिका एजुकेशन सेंटर विगत लंबे अरसे से शिक्षा सभ्यता एवं संस्कार के क्षेत्र में अपनी अग्रिणी भूमिका निभाते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है और विद्यालय के संस्थापक स्व0 सुनील माइकल सिंह के सपनों को पूरा करने व अखण्ड भारत निर्माण में विद्यालय की प्राचार्या आलिव सिंह निरंतर पुरजोर मेहनत करते हुए बच्चों में शिक्षा एवं संस्कारों का प्रवाह किया जाना अत्यंत प्रशंसनीय हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से चन्द्रा सिंह, रेखा, रमन सिंह, टीना, विशाल, आकाश, हर्षित आनंद बाबा विधि छात्र, सनी रेमंड सिंह, स्तुति सिंह आदि उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने 75वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित




बीपीएस न्यूज

कानपुर ।मण्डलायुक्त अमित गुप्ता ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त कार्यालय में ध्वजा रोहण किया। उन्होंने इस मौके पर मण्डल वासियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि हम सब अपने कार्यो के माध्यम से जनमानस की अपेक्षाओं के अनुरुप कार्य करें। हम लोगों को जो दायित्व सौंपा गया है व संविधान में निहित प्राविधानों के तहत है, हमें अपने दायित्व का निर्वाहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करना चाहिये, हमें कोई ऐसा कार्य नहीं करना चाहिये जिससे किसी को परेशानी हो। हमें जो भी पद मिला है उसकी गरिमा को बनाये रखना चाहिये, न्याय की कुर्सी में बैठ कर कोई गलत न्याय न करें ऐसा प्रयास करना चाहिये। हमें जाति धर्म मजहब के आधार पर कोई भेद भाव नहीं करना चाहिये और यह सुनिश्चित कराना चाहिये कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा बनी रहे।

कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को भारतीय गणतंत्र का संकल्प की शपथ दिलाई गयी जिसमें प्रतिज्ञान कराया गया कि卐हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इस मौके पर अपर आयुक्त बृज किशोर, अपर आयुक्त प्रेम प्रकाश उपाध्याय, सहायक आयुक्त औषधि दिनेश तिवारी, सहायक आयुक्त खाद्य शशि पाण्डेय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन, अधिवक्तागण सहित मण्डलायुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह में जीएम ने निर्माणी में उच्च कार्य संस्कृति विकसित करने पर दिया बल



बीपीएस न्यूज

कानपुर। आयुध पैराशूट निर्माणी (ओपीएफ) में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर महाप्रबंधक एम.सी. बालासुब्रमणियम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से निर्माणी में उच्च कार्य संस्कृति विकसित करने पर बल दिया। इस दौरान डीएससी के जवानों, दरवानों और अग्निशमन दल ने मार्च पास्ट भी किया। निर्माणी सभा मंच पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुये महाप्रबंधक एम.सी. बालासुब्रमणियम ने कहा कि ओपीएफ अपनी कुशल नीति एवं सक्रियता की भावना से पैराशूट उत्पादन के क्षेत्र में चैम्पियन बनकर उभर रहा है और अपने संगठन जीआईएल को शीर्ष पर स्थापित करने को लेकर कृतसंकल्पित है। समारोह के दौरान आउस्टैण्डिंग लीडरशिप एवार्ड (उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए पुरस्कार) संयुक्त महाप्रबंधक एस. बनर्जी तथा कार्य प्रबंधक अमर दीप कुमार को बेस्ट मैनेजर एवार्ड से सम्मानित किया गया। उत्पादनशालाओं में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मचारियों को समूह पुरस्कार से भी नवाजा गया। महाप्रबंधक ने ओपीएफ प्रगति पथ का शिलालेख का उद्घाटन एवं अनावरण किया। इस शिलालेख में ओपीएफ के वर्ष 1941 से लेकर आज तक के विशिष्ट प्रगति सोपान का उल्लेख है। आधुनिकीकरण अभियान के तहत महाप्रबंधक ने डीजी सेट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण के क्षेत्र में प्रयास सतत जारी रहेंगे।प्रयास ग्लाइडर्स वेलफेयर फाउण्डेशन ओपीएफ चैप्टर की ओर से निर्माणी क्रेच (शिशुपालन गृह) में उपहार का वितरण किया गया। फाउण्डेशन की ओपीएफ चैप्टर की अध्यक्षा बी. सत्यप्रिया ने क्रेच के बच्चों के लिए उपहार भेंट किये। साथ ही शर्मी बनर्जी, नीति गुप्ता एवं कीर्ति शिखा सिन्हा ने खिलौने एवं चाकलेट देकर नन्हे-मुन्ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया।इस अवसर पर प्रयास ग्लाइडर्स वेलफेयर फाउण्डेशन की ओपीएफ चैप्टर की अध्यक्षा बी. सत्यप्रिया, शर्मी बनर्जी, नीति गुप्ता, कीर्ति शिखा सिन्हा, संयुक्त महाप्रबंधक एस. बनर्जी, के.एस. चरक, विवेक गुप्ता, राम ज्ञान सिंह, के.के. टोप्पो, कार्य प्रबंधक ओमेश सिन्हा, कार्य प्रबंधक अमर दीप कुमार, प्रियम् सिंह, कार्य प्रबंधक वी.आर. रावत, पीएमओ डा. ज्योति गुप्ता, सहायक कार्य प्रबंधक प्रवीन चंद्रा, जेसीएम व कार्यसमिति सदस्यगण, यूनियन-एसोसिएशनों के प्रतिनिधि हैं।

# गोल्फ खेल का इतिहास

ओलंपिक 2024 में
भारत की आस

112 साल के अंतराल के बाद रियो 2016 ओलंपिक में गोल्फ ओलंपिक कार्यक्रम में लौट आया। पेरिस 1900 और सेंट लुइस 1904 ओलंपिक में एक आधिकारिक खेल, गोल्फ़ गायब हो गया था।

## गोल्फ के नियम

- हर राउंड में **18 होल** का इस्तेमाल किया जाता है और पेशेवर प्रतियोगिता में **4 राउंड** के खेल का आयोजन होता है।
- अगर गेंद पानी में जाती है तो खिलाड़ियों को **पेनल्टी शॉट** खेलना पड़ता है। प्लेयर को इस दौरान गेंद के नजदीक पानी के अंदर जाकर फिर से शॉट खेलना होता है।
- **सबसे कम स्कोर** वाला खिलाड़ी जीतता है।




बेहतर वायुगतिकी के लिए गेंद में डिंपल होते हैं.

## शॉट लगाने की तकनीक




## 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत को मेडल की आस

भारत को **दीक्षा डागर** से पेरिस ओलंपिक में मेडल की आस है।



## गोल्फ़ कोर्स की रचना

एक होल तब होता है जब एक गोल्फर **टी शॉट** पर गेंद को छेदता है

प्रत्येक गोल्फ होल **टी बॉक्स** से एक शॉट के साथ शुरू होता है

बंकर रेत से गेंद खेलने की गोल्फ खिलाड़ी की क्षमता का परीक्षण करते हैं



# आगरा में धर्मस्थल के पास नारेबाजी कर माहौल बिगाड़ने के प्रयास के आरोप में 11 लोग गिरफ्तार



अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां ताजगंज में जुलूस निकालने के दौरान एक धर्मस्थल के बाहर नारेबाजी करने और उस पर झंडा फहराने के प्रयास के मामले में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है ।एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-सिटी) सूरज राय ने बताया कि जहीरउद्दीन नामक एक व्यक्ति ने शिकायत दी है कि ताजगंज क्षेत्र में सोमवार दोपहर तीन बजे एक धर्मस्थल के बाहर बड़ी संख्या में लोग जुट गये और उसके ऊपर चढ़ने की कोशिश की ।राय ने शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि धर्मस्थल पर इकट्ठा हुए लोगों के हाथों में झंडे थे और उन्होंने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि उनमें से कुछ ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया ।ताजगंज थाने के प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनमें वे दो युवक भी हैं जिन्होंने वीडियो सोशल मीडिया पर डालकर बाद में उसे 'डिलीट' किया था ।उन्होंने बताया कि वीडियो बनाने वाले युवकों की पहचान हिमांशु और सोनू ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ताजगंज में कुछ युवकों द्वारा धार्मिक जुलूस निकाले जाने के दौरान रास्ते में एक धर्मस्थल के पास नारेबाजी की घटना हुई। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने धर्मस्थल पर झंडा फहराने का प्रयास किया। थाना प्रभारी के अनुसार इस मामले में पुलिस ने बलवा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# मीरा रोड में हिंसा, पनवेल में भी बवाल, 13 गिरफ्तार, फडणवीस बोले- होगी सख्त कार्रवाई



सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर में 卐प्राण प्रतिष्ठा卐 समारोह से पहले महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से सांप्रदायिक प्रकृति की हिंसक घटनाएं सामने आईं, जिसके बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के अनुसार, मीरा रोड, पनवेल और नागपुर से सांप्रदायिक घटनाओं की सूचना मिली, इसके अलावा राज्य के अन्य हिस्सों में छोटी-मोटी घटनाएं हुईं, जिनमें नारेबाजी और पोस्टर फाड़ना शामिल था। नया नगर इलाके में हुए हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कुछ अन्य को मामूली चोटें आईं।

विवाद के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ने कहा कि इस संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। डीसीपी जयंत बजबले ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि 21 जनवरी की रात करीब 11 बजे मीरा रोड के नया नगर इलाके में हिंदू समुदाय के कुछ लोग 3-4 गाड़ियों में नारे लगा रहे थे। आगे बताते हुए उन्होंने कहा, इसके बाद मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों से बहस शुरू हो गई. हालात बिगड़ते देख पुलिस की गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मीरा रोड के निवासियों से भी अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। मामले की आगे की जांच जारी है ।रैली के दौरान यह समूह सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर भगवान राम की प्रशंसा में नारे लगा रहा था। मीरा भायंदर पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले इलाके में यह घटना हुई। एक अधिकारी ने बताया कि नारे लगाते हुए कुछ लोगों ने कथित तौर पर पटाखे फोड़े, जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह लाठी-डंडे लेकर बाहर निकल आया। उनकी रैली में शामिल लोगों से बहस हुई और उन्होंने उनके वाहनों पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि वाहनों में सवार लोगों से मारपीट भी की गयी। पुलिस ने फौरन बीचबचाव किया और हमलावरों को खदेड़ दिया।

फडणवीस ने कहा, "अब तक 13 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से इसमें शामिल और लोगों की पहचान करने की प्रक्रिया जारी है। राज्य में कानून-व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।" इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया परप्रसारित हुआ है। इस बीच, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के विधायक प्रताप सरनाईक ने सोमवार को मीरा भायंदर वसई विरार (एमबीवीवी) के पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे से मुलाकात की और एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की।

# स्पेशल बसें कैंसिल, बीजेपी नेताओं को भी जाने की मनाही

अपने आराध्य देव भगवान राम के दर्शनों के लिए सैकड़ों साल से इंतजार कर रहे करोड़ों रामभक्तों का सब्र छलक गया है. अयोध्या मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद वहां पर दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है. इसके चलते वहां पर भारी मारामारी की स्थिति पैदा हो गई है. हालात कंट्रोल करने के लिए प्रशासन ने विभिन्न जिलों से अयोध्या के लिए चलाई जा रही स्पेशल बसों के संचालन पर अगले आदेश तक अस्थाई रोक लगा दी है. जो यात्री ऑनलाइन बुकिंग करा चुके हैं, उनके टिकट कैंसल करके पैसे रिफंड किए जाएंगे. हालांकि पहले से चल रही सामान्य बसें चलती रहेंगी. श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बीजेपी ने अपने नेताओं को भी अभी अयोध्या जाने की मनाही कर दी है.

अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान राम के भक्तों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है. राम भक्तों की भारी संख्या राम जन्म भूमि के दर्शन के लिए पहुंच रही है. मिली रिपोर्ट के मुताबिक आज ढाई से तीन लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जबकि इतनी ही संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए अभी बाकी हैं. क्राउड मैनेजमेंट करने के लिए सीएम योगी के आदेश पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजी कानून व्यवस्था प्रशान्त कुमार खुद अयोध्या में कैंप कर रहे हैं. वे राम मंदिर के गर्भ गृह में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं.श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन करवाने के लिए शहर में जगह-जगह बैरिकेडिंग लगा दी गई हैं. उन बैरिकेडिंग के जरिए बाहर से आ रहे वाहनों को रोककर मंदिर जा रहे मुख्य मार्ग पर जाने से रोका जा रहा है. जिससे दर्शनों के लिए आ रहे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो सके. भीड़ कंट्रोल करने के लिए कुछ देर के लिए राम मंदिर में लोगों की एंट्री रोकी गई थी क्योंकि मंदिर के अंदर बहुत ज्यादा भीड़ जमा हो गई थी लेकिन बाद में उसे चालू कर दिया गया.

बताते चलें कि सोमवार को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आज यानी मंगलवार को को आम श्रद्धालुओं के लिए राम मंदिर के द्वार खोल दिए गए हैं. दर्शनों के लिए सोमवार रात में मंदिर के बाहर जमा हो गए थे लेकिन भगवान के शयन का समय होने की वजह से मंदिर के कपाट रात में बंद कर दिए गए. सुबह भोग आरती के बाद सुबह 7 बजे मंदिर के कपाट फिर खोल दिए गए. इसके बाद सुबह 8 बजे से ही लोग दर्शन के लिए मंदिर में उमड़ रहे हैं.प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर को आज से जनता के लिए खोल दिया गया है. सुबह से ही राम मंदिर में रघुनंदन के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लग गई, देश के कोने-कोने से राम भक्त अपने आराध्य प्रभु राम के दर्शन को पहुंचे. हर कोई रामलला के दर्शन के लिए बेसब्र है. जब भीड़ ज्यादा बढ़ी तो प्रशासन भी सतर्क हो गया. भक्तों को संभालने के लिए कतारों के हिसाब से ही एंट्री दी गई. लेकिन भक्तों के सैलाब के आगे पुलिस के भी हाथ पांव फूल गए. लगातार प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं से धैर्य और संयम बनाएं रखने की अपील की जा रही है।

# श्रद्धालुओं से भरे ऑटो रिक्शा को ट्रक ने मरी टक्कर, 12 लोगों की मौके पर मौत, मृतकों में बुजुर्ग महिलाएं और बच्चे शामिल

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में बृहस्पतिवार सुबह घने कोहरे के बीच ऑटो रिक्शा और ट्रक में हुई भीषण टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बरेली-फर्रुखाबाद मार्ग पर अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के सुगसुगी ग्राम के पास जलालाबाद की ओर जा रहे ऑटो रिक्शा में विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में ऑटो रिक्शा सवार 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा मृतकों में बुजुर्ग महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मीणा ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



एसपी ने बताया कि श्रद्धालु दो गांव के रहने वाले थे तथा गांव का ही ऑटो चालक सुरेश कश्यप उन्हें गंगा स्नान के लिए फर्रुखाबाद के घटियाघाट ले जा रहा था। उन्होंने बताया कि ऑटो जब बरेली फर्रुखाबाद मार्ग पर अल्लाहगंज थाना अंतर्गत सुगसुगी गांव के पास पहुंचा तभी घने कोहरे के चलते सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई जिससे ऑटो में सवार सभी 12 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान दमगढा तथा लसना गांव के लालाराम (30), पुत्तू लाल (50), शिवपाल (45), सुरेंद्र कश्यप (50), अंकुश (50), अनंत राम (35), बसंता देवी (70), मनीराम (45), पोथीराम (50), रंपा देवी (45), रूपा देवी (50), तथा आदेश (20) के रूप में हुई है। लालाराम तथा पुत्तू लाल सगे भाई थे, जबकि वसंता देवी और अनंत राम मां बेटे थे ।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भाग गया और घटनास्थल से 12 किलोमीटर दूर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है जबकि उसके चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवारों के लिए सांत्वना व्यक्त की है।

### जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं', मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बोले-

# विरोध करने वालों को रामलला का नाम लेने का अधिकार नहीं



राम मंदिर को लेकर राजनीतिक जबरदस्त तरीके से जारी है। विपक्ष की ओर से आज भी भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर राम मंदिर के राजनीतिकरण का आरोप लगाया जा रहा है। इन सब के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विपक्ष पर जबरदस्त तरीके से प्रहार किया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि राम मंदिर का विरोध करने वालों को रामलला का नाम लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने बाला साहेब ठाकरे और करोड़ों राम भक्तों के सपनों को पूरा किया। कल एक ऐतिहासिक दिन था ।वहीं, शिव सेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने मंगलवार को दावा किया कि यदि शिव सेना अस्तित्व में नहीं होती, तो अयोध्या मंदिर में भगवान राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान राम से उनकी पार्टी का रिश्ता सबसे पुराना और गहरा भावनात्मक है। यह उल्लेख करना उचित है कि शिव सेना (यूबीटी) और भाजपा की महाराष्ट्र इकाई राम जन्मभूमि आंदोलन में उनके योगदान को लेकर तीखी जुबानी जंग में लगी हुई है। महाराष्ट्र भाजपा ने आंदोलन में उनके योगदान को लेकर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, उनके बेटे आदित्य और राउत पर हमला किया है। दूसरी ओर, सेना (यूबीटी) बाबरी मस्जिद को गिराने का श्रेय लेती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की। यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था क्योंकि राम मंदिर को देखने के लिए 500 साल पुराना संघर्ष आखिरकार सफल हुआ। देशभर में दिवाली जैसा जश्न देखा गया।

### स्वामी प्रसाद मौर्य के फिर बिगड़े बोल

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा को बताया ढोंग, कहा- यदि पत्थर जीवित हो जाता है तो....

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अयोध्या शहर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन के एक दिन बाद, समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने समारोह के बारे में विवादास्पद टिप्पणी की, और राम मंदिर और हिंदू आस्था का मजाक उड़ाया। उन्होंने इस समारोह को पाखंड और धोखाधड़ी करार दिया और कहा कि अगर अभिषेक से 'पत्थर' जीवित हो सकता है, तो शव चल-फिर क्यों नहीं सकते? मौर्य गाजीपुर में कर्पूरी ठाकुर सेना द्वारा आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को भाजपा के बारे में सच्चाई जानने और पार्टी की विचारधारा से दूर रहने की जरूरत है।

अक्सर हिंदू आस्था पर विवादित बयान देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि एक टीवी डिबेट में एक संत कह रहे थे कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां पत्थरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है।

एक सपा नेता भी बहस का हिस्सा थे, उन्होंने कहा कि जिन परिवार के सदस्यों की मृत्यु हो गई है, उनकी प्राण प्रतिष्ठा की जानी चाहिए और फिर वे हमेशा के लिए जीवित रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्राण प्रतिष्ठा से पत्थर जीवित हो जाता है तो मृत व्यक्ति चल क्यों नहीं सकता? यह सब दिखावा और पाखंड हैज लोग प्राण प्रतिष्ठा करके खुद को भगवान से भी बड़ा समझते हैं।

हिंदू मान्यताओं और धर्मग्रंथों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने की आदत रखने वाले मौर्य ने आगे दोहराया कि यह आयोजन एक राजनीतिक स्टंट था और अगर यह एक धार्मिक आयोजन होता, तो 4 शंकराचार्य भी इसका हिस्सा होते।



समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य राम मंदिर और हिंदू आस्था के खिलाफ विवादित बयान देते रहे हैं।

हाल ही में 10 जनवरी को, उन्होंने मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के 'देखते ही गोली मारने' के आदेश को उचित ठहराया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1990 में रथयात्रा के बाद कई निहत्थे कारसेवकों की मौत हो गई थी। राम मंदिर आंदोलन के चरम के दौरान 2 नवंबर 1990 को यूपी पुलिस ने कारसेवकों पर गोलियां चलाई थीं ।स्वामी प्रसाद मौर्य ने कारसेवकों पर गोली चलाने के तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार के आदेश को 'क्लीन चिट' देते हुए कहा, 卐जिस समय अयोध्या में राम मंदिर पर घटना हुई थी. अनियंत्रित तत्वों ने न्यायिक या प्रशासनिक हस्तक्षेप के बिना बड़े पैमाने पर बर्बरता की ।मौर्य लगातार रामचरितमानस पर भी सवाल उठाते रहे हैं।

# रामभक्तों के सैलाब को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों से कहा- अभी नहीं, मार्च में जाएं राम मंदिर



अयोध्या में उमड़ रही रामभक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को फिलहाल राम मंदिर जाने से परहेज करने की सलाह दी है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया है कि भारी भीड़ के कारण और ङ्कढ्डक्कके कारण जनता को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए, केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अपनी अयोध्या यात्रा की योजना बनानी चाहिए। हम आपको बता दें कि अभी एक दिन पहले पांच लाख भक्तों ने रामलला के दर्शन किये और आज भी अयोध्या में उतनी ही भीड़ देखने को मिल रही है और लगातार रामभक्तों का अयोध्या आगमन जारी है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए और सबको दर्शन सुलभ कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अयोध्या में ही तैनात कर रखा है। हम आपको यह भी बता दें कि अयोध्या की सड़कों पर 'मेले जैसा' नजारा है। इसके अलावा यहां जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किये जा रहे हैं ताकि भक्तों को किसी प्रकार की मुश्किल नहीं हो।

जहां तक राम मंदिर में उमड़ रही भक्तों की भीड़ की बात है तो आपको यह भी बता दें कि मंदिर प्रशासन की मुश्किल यह भी है कि जो भक्त अंदर जा रहे हैं वह जल्दी बाहर नहीं आ रहे हैं क्योंकि हर कोई रामलला की मनमोहक मूर्ति को बार-बार निहारना चाहता है, हर कोई मंदिर की दिव्यता और भव्यता को गौर से देखना चाहता है और उसकी खूबसूरती को अपनी आंखों में कैद कर लेना चाहता है जिससे हर किसी को मंदिर में समय लग रहा है। ऐसे में बाहर भीड़ बढ़ती चली जा रही है।

हम आपको यह भी बता दें कि राजस्थान के मकराना से संगमरमर, मूर्ति के लिए मैसूरु से तीन अरब साल पुरानी चट्टान, महाराष्ट्र से पॉलिश की गई सागौन की लकड़ीङ्क इन सबके संगम से बना अयोध्या का भव्य राम मंदिर इसे एक राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में भी स्थापित करता है। मंदिर के वास्तुकार चंद्रकांत बी सोमपुरा अहमदाबाद के हैं जबकि रामलला के बाल रूप के विग्रह को मैसूर के पांचवीं पीढ़ी के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने तराशा है। प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर बालक राम को सजाये गये कपड़े दिल्ली से थे, जबकि मूर्ति के लिए आभूषण लखनऊ में तैयार किए गए हैं। मंदिर निर्माण की देखरेख कर रहे न्यास श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि भारत के विभिन्न हिस्सों से 100 से अधिक निर्माण एजेंसियों और फर्मों ने मंदिर के निर्माण में योगदान दिया है।

उन्होंने कहा, मंदिर का निर्माण देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ हुनरमंद लोगों के सामूहिक ज्ञान का परिणाम है। गंगोत्री, यमुनोत्री, कैलाश मानसरोवर, प्रयाग सहित भारत के लगभग सभी तीर्थ स्थलों से जल और पवित्र मिट्टी का मंदिर के निर्माण में उपयोग किया गया है। चंपत राय ने बताया कि मंदिर की नींव में झाँसी, बिठूर, हल्दीघाटी, यमुनोत्री और अमृतसर के स्वर्ण मंदिर समेत पूरे भारत के 2,500 से अधिक स्थानों एवं थाईलैंड के अयुत्या शहर (जो खुद को अयोध्या से जोड़ता है।

# वाराणसी के डीएम ने रिसीवर के रूप में ज्ञानवापी तहखाने की ली कस्टडी



जिला न्यायाधीश अदालत के 17 जनवरी के आदेश के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट एस. राजलिंगम ने रिसीवर के रूप में ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने को अपनी कस्?टडी में ले लिया है. जिला मजिस्ट्रेट के प्रतिनिधि के रूप में, एडीएम (प्रोटोकॉल) प्रकाश चंद वादी और आचार्य वेद व्यास पीठ मंदिर के मुख्य पुजारी शैलेन्द्र कुमार पाठक व्यास, उनके अधिवक्ताओं और अंजुमन इंतजामिया मस्जिद (ढ्ढरू) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में भाग लेने के लिए ज्ञानवापी मस्जिद पहुंचे. बता दें, काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील वर्मा भी मौजूद थे.बताया जा रहा है, बाद में, अधिकारी ने मस्जिद परिसर में प्रवेश किया और बुनियादी औपचारिकताएं पूरी कीं. यह प्रक्रिया व्यास वाद पर सुनवाई से पहले पूरी की गई. इसमें जिला जज अजय कृष्ण विश्वेशा ने 17 जनवरी को वाराणसी के डीएम को मस्जिद के दक्षिणी तहखाने का रिसीवर नियुक्त करने का आदेश दिया था.व्यास के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने कहा, अदालत ने गुरुवार को इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख 29 जनवरी तय की है. एआईएम को पार्टी बनाते हुए, व्यास ने 25 सितंबर, 2023 को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत के समक्ष एक मुकदमा दायर किया था, इसमें ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में श्रृंगार गौरी और अन्य दृश्य और अदृश्य देवताओं की पूजा की अनुमति देने और डीएम या किसी अन्य उपयुक्त व्यक्ति को दक्षिणी तहखाने के रिसीवर के रूप में नियुक्त करने की मांग की गई थी.

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने मजार पर दीप जलाकर दीप उत्सव मनाया



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कानपुर प्रांत की सहसंयोजक व प्रभारी अशफाक सिद्दीकी के नेतृत्व में सैयद बाबा मजार अफीम कोठी पर अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मजार के प्रांगण में दीप प्रज्वलित कर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा दीप उत्सव मनाया गया इस अवसर पर अशफाक सिद्दीकी ने कहा की हिंदुस्तान की गंगा जमुना तहजीब कायम रखने के लिए मुस्लिम भाइयों को भी आगे आकर अपने हम वतन भाइयों का इस शुभ अवसर पर उनकी खुशियों में शामिल होना चाहिए ।मर्यादा पुरुषोत्तम राम हिंदुस्तान की वह पहचान जिसके बारे में अल्लामा इकबाल ने पहले ही अपने अशआर के माध्यम से बताया था कि हिंदुस्तान को राम त्याग व तपस्या का रहबर है और इन्हीं के नाम से हिंदुस्तान के ऐतिहासिक नगरी अयोध्या पहचानी जाती राम एक व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक त्याग का नमूना है। इस अवसर पर प्रांत के संरक्षक समी अंसारी ने बताया कि भारतवर्ष में 5000 साल पुरानी संस्कृति और आज भारत पूरा राम महोत्सव मना रहा है यह खुशी का मौका था देशवासियों के लिए और इसमें हम सब मिलकर अपने देशवासियों के साथ शामिल है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रांत की महिला संयुक्त का सबिहा खान ,हसीन अंसारी,शादाब अंसारी, रुखसाना, मोहम्मद हसीन, खुर्शीद आलम, मोहम्मद तारीक ,मोहम्मद नायाब सिद्दीकी, अली अकबर , अब्दुल कय्यूम,आदि लोग उपस्थित थे।

# बर्फीली हवाओं ने बढाई गलन, बेअसर साबित हुई धूप, आने वाले सप्ताह में भी बनी रहेगी गलन, पड़ेगा कोहरा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । बीते 10 दिनो बार 22 जनवरी को आसमान पर सूरज चमका तो लोगों को इत्मिनान हो गया कि अब प्रतिदिन सूर्य निकलेगा ओर धीरे-धीरे ठण्ड से राहत मिलेगी। यह सोचना तो सही था और 22 जनवरी से लगातार सूर्य भी निकल रहा है लेकिन न तो सूरज की गर्मी महसूस हो रही है और न ही लोगों को किसी प्रकार की राहत मिली। वहीं गलन पहले से और भी बढ गयी। मौसम विभाग की माने तो आने वाले सप्ताह में भी गलन का सामना करना पडेगा।

बीती 22 जनवरी से भले ही लगातार धूप निकल रही हो लेकिन उसका कोई भी फायदा नजर नही आ रहा है। धूप में तेजी न होने के कारण लोगों को सर्दी से निजाद नही मिली, हांलाकि घरो में सडकों पर और ऑफिसों के बाहर लोग धूप में बैठे दिखाई दिए। बुधवार की सुबह देरी के आसमान पर सूर्य निकला और शाम होने से पहले धुंध में खो गया। सारा दिन तेज बर्फीली हवाये चलती रही, जो शहरवासियों में सिरहन पैदा करती रही। बीते तीन दिनों में कोहरा भी नही था लेकिन कल की बीती रात एक बार फिर शहर कोहरे की आगोश में दिखाई दिया। आने वाले एक सप्ताह तक अभी मौसम ऐसा ही बने रहने की बात कही गयी है। स्कूलों में 26 जनवरी की तैयारियां चल रही है ऐसे में बच्चों को 26 जनवरी के होने वाले कार्यक्रमों की रिहल्सल के लिए जाना पड रहा है। घरों में ऑफिसों में जहां लोग हीटर के सामने से नही हट रहे है तो वही सडकों पर लोगों द्वारा अलाव जलाकर ठण्ड दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकारी तथा गैर सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड बढ रही है।

बच्चों और बृद्धों पर इस सर्दी का विशेष प्रभाव पड रहा है। बुधवार को दिन का तापमान जहां 15 डिग्री सेल्सियस के आस-पास दर्ज किया गया तो वहीं रात का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहा। डाक्टरों द्वारा लोगों को गर्म कपडे पहनने, रात्रि में अधिक भोजन न करने, स्वयं को गर्म रखने के साथ ही ठण्डा पानी पीने से बचने की सलाह देते हुए कहा कि यदि स्वास्थ्य में कुछ भी परेशानी हो तो लापरवाही न करे और जल्द ही अपने डाक्टरे से मिलकर उचित परार्मश लें।

# प्रवर्तन दल ने बारह क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथीन पकड़ी, 50,000 रुपए वसूला जुर्माना

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। सटीक मुखबरी पर प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने अफीम कोठी चौराहे पर नाका लगा एक पिकअप 40 बोरी प्लास्टिक कैरीबैग के साथ पकड़ा ।यह माल ट्रांसपोर्ट नगर स्थित से लखनऊ के कारोबारी को भेजा जा रहा था ।लोडर को नगर निगम लाकर 12 क्विंटल माल जब्त कर राजस्व निरीक्षक विकास कुमार द्वारा 50,000 रुपए जुर्माना वसूला गया। जब्त माल को निस्तारण हेतु पनकी कूड़ा प्लांट भेज दिया गया। जनवरी माह में ही प्रवर्तन दल द्वारा 160 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त कर छह लाख जुर्माने के रूप में अभी तक वसूला गया है ।इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार धनंजय, जितेंद्र सिंह, रामनरेश, इंद्रजीत, भूपेंद्र, राज नारायण, जितेंद्र बहादुर, मोहित इत्यादि शामिल रहे।

# एडवांस वेपंस ग्रुप में भव्यता से मना गणतंत्र दिवस

कानपुर। आयुध निर्माणियो के मुख्यालय एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड में भव्यता एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ 75वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। प्रबंध निदेशक राजेश चौधरी ने झंडारोहण एवं सामूहिक राष्ट्रगान तथा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत बताया कि वर्तमान में रक्षा प्रतिष्ठानो मैं भविष्य के लिए और उन्नत संसाधनों, रक्षा उपकरणों का स्वदेशीकरण, नई शोध एवं विकास आदि बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट हित में सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का संचालन संयुक्त महाप्रबंधक अनूप मुखर्जी ने किया।

# बाबू पुरवा में दो समुदायों के बीच हुई जमकर मारपीट

## दो दिन पहले दोनो समुदायों के बीच झंडा लगाने को लेकर हुआ था विवाद
## हंगामें की सूचना पर डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा सहित कई थानों की फोर्स मौके पर

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । एक बार फिर बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो समुदाय आमने सामने आ गये। पहले बात गाली-गलौज के साथ शुरू हुई जो बाद में मारपीट में परिवर्तित हो गयी। दो दिन पहले झंडा लगाने को लेकर भी दोनो समुदाय के लोगों के बीच वाद-विवाद हुआ था, जो शांत हो गया था और उसी बात को लेकर दो समुदाय के लोग फिर आमने सामने आ गये ।थाना बाबू पुरवा क्षेत्र के बगाही बाकरगंज क्षेत्र में एक बार फिर माहौल खराब होते-होते उस समय बचा जब क्षेत्र में ही रहने वाले दो समुदाय एक-दूसरे के आमने सामने आ गये। बात गाली-गलौज से शुरू होकर मारपीट तक जा पहुंची। हंगामें की सूचना से प्रशासन के हाथ-पांव फूल गये और तत्काल डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गयी और स्थिति को नियंत्रण में किया। हलांकि क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। लोगों द्वारा बताया गया कि दो दिन पूर्व ही झंडा लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहा-सुनी हुई थी लेकिन मामला शांत हो गया था। एक बार फिर बुधवार को दोनो




पक्षों के लोग एकत्र होने लगे और ममला बढता देख लोगों ने प्रशासन को सूचना दी। पुलिस द्वारा बताया गया कि दो पक्षों में तनाव की सूचना के बाद मौके पर फोर्स लगा दी गयी है। स्थित सामान्य हो गयी है लेकिन एहतियात के तौर पर अभी पुलिस तैनात रहेगी।

# भगवा झंडा हाथ में लेकर स्टंट करना युवक को पड़ा भारी

## सोशल मीडिया में वीडियों हुआ वायरल, एक्शन में आई पुलिस
## वीडियों में स्कॉर्पियों के बोनट पर खडे होकर भगवा लहराता दिख रहा युवक,प्रकरण पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत की गयी कार्यवाई



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । अति से अधिक उत्साह कभी-कभी भारी पड जाता है और एसा ही एक मामला सोशल मीडिया में जमकर चित्र सहित वायरल हो रहा है, जिसमें फिल्मी स्टाईल से एक युवक भगवा धोती पहने, हाथो में भगवा लिए चलती स्कॉर्पियों के बोनट पर खडे होकर स्टंट करते दिखाया गया। फिर क्या है सोशलमीडिया पर वीडिया वायरल होने के साथ ही पुलिस भी एक्शन में आ गयी और मोटर वाहन अधिनियम के अतंर्गत आवश्यक कार्यवाई की गयी।

बता दें कि गंगा बैराज सहित शहर के कई स्थानों पर युवाओं द्वारा मोटर बाईक और कारों पर स्टंट करने के मामले समय समय पर सामने आते रहे है।

इसी प्रकार एक वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हुआ जिसमें चलती स्कॉर्पियों कार में एक युवक भगवा धोती पहन हाथों में भगवा झंडा लेकर स्टंट करता दिखाई दिया।

विडियो वायरल हुआ तो पुलिस भी एक्शन में आई और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी लेकिन चालान कितने का काटा गया या वाहन को सीज किया गया, इसकी कोई जानकारी नही हो पाई। जिस प्रकार से अजय देवगन दो बाईकों के बीच एक फिल्म में स्टंट किया था ठीक उसी प्रकार यहां युवक ने किया लेकिन यहां बाईक के स्थान पर स्कॉर्पियों कार थी।




# गणतंत्र दिवस के मौके पर ग्यारह मुखी हनुमान मंदिर मे कराया गया विशाल भंडारा

**मनोज वर्मा**

कानपुर। नौबस्ता आवास विकास, हंसपुरम स्थित ग्यारह मुखी हनुमान मंदिर मे गणतंत्र दिवस के अवसर पर ओम शिव ट्रेडर्स (आशुतोष शुक्ला) के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार शुक्ला का सभी ने जोर शोर से स्वागत किया। भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से तान्या इंटरप्राइजेज (तुषार पाल), निखिल, अनुराग, चंदन, अमर, प्रभाकर, आशीष, अमन, चंद्रभान, विनय, ऋषभ, अवधेश, रिति आदि मौजूद रहे।

# पटकापुर निवासियों द्वारा झंडा रोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । पटकापुर स्वच्छता समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना के द्वारा 75 वा गणतंत्र दिवस मनाया गया पूर्व सभासद आमोद त्रिपाठी एवं समस्त वरिष्ठ पटकापुर निवासियों द्वारा झंडा रोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया ।अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना, उपाध्यक्ष सूर्यनारायण बाजपेई, महामंत्री दीपक निगम, मंत्री गीता पांडे, मनीष अस्थाना, राजेश निगम, संजय ,सिब्बन कपूर, मनीष अग्रहरि, सिद्धार्थ अवस्थी, एवं संरक्षक कमल चंद्र बाजपेई, रमेश चंद्र बाजपेई, बाल जी पांडे,आदि के की उपस्थिति में बड़े हर्ष उल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया।

# कानपुर : बीच वाला मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

## बीजेपी नेता को धमकाया- ना तेरा मंदिर रहेगा... ना तू रहेगा

कानपुर। कानपुर में मेस्टन रोड स्थित भगवान श्रीराम के ऐतिहासिक बीच वाला मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंदिर में पोस्टर चिपकाया गया है। साथ ही, कुछ अराजकतत्वों ने धमकी भरा पत्र भी फेंका है। इसमें भाजपा नेता रोहित साहू को धमकाया गया है।

जानकारी के अनुसार, पत्र में लिखा गया है कि रोहित साहू अब बेटा पानी सर से गुजर चुका है। हमारी बाबरी मस्जिद को तोड़कर, जो तुम लोगों ने मंदिर बनाया है। हम लोगों के दिल को दुखाया रहे होज्जश्न मना रहे हो। आज तक इस मंदिर में कभी कोई इतना बड़ा पूजा-आरती का कार्यक्रम नहीं हुआ ।हम लोगों को जलाने के लिए पूजा-आरती, यह सब जो तुम कर रहे हो। भाजपा सरकार की वजह से बचे हुए थे, लेकिन अब हम लोग और नहीं बर्दाश्त करेंगे। हमारे मुसलमान भाइयों के दिलों को ठेस पहुंची है। इसका बदला हम जरूर लेंगे। मुस्लिम एरिया से गुजर कर जाता है, तू अब देख तेरे साथ क्या करते हैं ।तू अभी जानता नहीं है। तुम लोगों को बहुत पूजा और आरती करने का शौक है। तेरा निकलना घर से दुश्वार कर देंगे। हम लोगों ने बहुत बड़े-बड़े कांड किए हैं। अभी सुना नहीं क्या। तू इस दुनिया में ही नहीं रहेगा, तो पूजा क्या करेगा। देख तेरी ऐसी सेटिंम लगता हूं कि तू सीधा ऊपर जाएगा। हमारी मस्जिदों में अजान हो रही है और तुम भजन बजा रहे होमेरे पास गोलियों-कट्टो की कमी नहीं हैज्ना बम की कमी है। तुझे क्या तेरे पूरे खानदान को मिटा के रख देंगे। पटाखे छुड़ा रहे होज्खुशियां बना रहे हो। हम लोगों को जला रहे हो। जोर-जोर से स्पीकर बजा रहे हो। हमारी मस्जिदों में अजान हो रही है और तुम भजन बजा रहे हो।

तेरा मंदिर रहेगा, ना तू रहेगाज्पूरा मंदिर बम से उड़ा देंगे

अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। तू बेटा बच के रहनाज्तुझे तो नहीं छोड़ेंगे। बहुत बड़ा मंदिर का ट्रस्टी बना है ना। तेरा मंदिर रहेगा, ना तू रहेगा। पूरा मंदिर बम से उड़ा देंगे। इस पत्र के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर




# लव जिहाद की शिकार हुई कानपुर की नाबालिग छात्रा

## मुस्लिम युवक ने खुद को बताया हिंदू युवक, नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर किया छात्रा का रेप

## छात्रा से दुष्कर्म का वीडियों बनाकर पिता को डाला, पैसों की मांग, पिता की शिकायत पर पूलिस ने किया जिहादी को गिरफ्तार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सरकार की कई कोशिशों के बाद भी देश और प्रदेश में लव जिहाद की वारदातों में कमी नही आ रही है। कहीं न कहीं कोई न कोई हिंदू युवति को लव जिहाद शिकार होना पड रहा है। लव जिहाद का एक ममला कानपुर से सामने आया है, जिसमें एक मुस्लिम युवक ने स्वयं को हिन्दू युवक बताते हुए हिंदू नाबालिग छात्रा से प्रेम का नाटक किया और मौका पाते ही छात्रा को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिता कर उसके साथ रेप किया। बात यही नही रूकी इसके बाद मुस्लिम युवक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म का अश्लील वीडियो भी बनाया और नाबालिग के पिता को भेजकर उनके पैसों की मांग की। पिता द्वारा पूरे प्रकरण की शिकायत पुलिस को की गयी, जिसके बाद पुलिस ने जिहादी मुस्लिम युवक को गिरफ्तार कर लिया।लव जिहाद का शिकार




कानपुर की एक नाबालिग नर्सिंग छात्रा को बनाया गया, जिससे मुस्लिम युवक नाबिर, पिंकू वर्मा बनकर मिला और हिंदू छात्रा से दोस्ती की साथ ही मौका पाते हुए छात्रा को कोल्डड्रिंक में नशीला प्रदार्थ मिलाकर पिता दिया और उसके साथ रेप किया। उसने छात्रा के साथ रेप का वीडियों भी बनाया साथ ही कई महीनों तक धमका कर छात्रा के साथ रेप करता रहा तथा धर्मांतरण व निकाह करने का भी दबाव बनाया। आरोपी मुस्लिम युवक नाबिर ने छात्रा के पिता को अश्लील वीडियों भेजकर पैसों की मांग की, जिसके बाद लाचार पिता पुलिस की शरण में पहुंचा और लिखित शिकायत की, जिसके बाद शुक्रवार को आरोपी नाबिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकरण में थाना प्रभारी बर्रा दिनेश बिष्ट ने बताया कि आरोपी को पीडित छात्रा के पिता की शिकायत पर गिरफ्तार कर लिया है। मुस्लिम युवक हिंदू युवक पिंकू बन कर छात्र को अपने प्रेमजाल में फंसाया और उसका रेप करते हुए अश्लील वीडियो बनाय और उसी आधार पर छात्रा के पिता से भी पैसों की मांग की। मुस्लि युवक नाबिर के खिलाफ बर्रा थाने में मुकदमा दर्ज करावाया गया साथ ही नाबिर के एक करीबी को पकडकर पूंछतांछ की तथा उसकी जानकारी के अनुसार आरोपी नाबिर को गिरफ्तार कर लिया गया।

**छात्रा को कैसे पता चला हिंदू नही मुस्लिम जिहादी है युवक**

इस पूरे प्रकरण में छात्रा ने बताया कि वह नर्सिंग की पढाई कर रही है और प्रतिदिन घर से एक ऑटो रिक्शा से अस्पताल जाया करती थी। ऑटो चालक से इसी बीच उसकी बोल-चाल शुरू हो गयी, जिसने अपना नाम कुणाल उर्फ पिंकू वर्मा बताया। धीरे-धीरे नजदीकिया बढी। एक दिन मौका पाकर चालक नाबिर ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिंला कर उससे अशलील हरकत की और वीडिया बनाया। बताया कि एक दिन नाबिर का मोबाइल उसे हाथ लगा, जिसमें उसका असली आधार कार्ड की फोटो देखी, जिससे पता चला कि वह पिंकू नही रावतपुर गांव का रहने वाला मोहम्मद नाबिर है।










# बैलट पेपर से मतदान करवाने को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## ई0वी0एम ,वी0वी0पेट के खिलाफ संयुक्त विपक्षी मोर्चा ने खोला मोर्चा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ई0वी0एम ,वी0वी0पेट के खिलाफ संयुक्त विपक्षी मोर्चा ने खोला मोर्चा आज जिलाधिकारी कार्यालय पर सैकड़ो संख्या में सपा अधिवक्ता सभा के नगर अध्यक्ष जमालुद्दीन जुनैदी के नेतृत्व में संयुक्त विपक्षी मोर्चा ने जिलाधिकारी कार्यालय पर गिराओ कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सोपा ज्ञापन के दौरान कहां की भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 और 329 तक में भारत के चुनाव आयोग की स्थापना उसके कार्य और शक्तियों को व्यवस्था की गई है। 2022 विधान सभा चुनाव में पोस्टल बैलेट की गिनती में समाजवादी पार्टी 304 सीटों पर आगे थी बीजेपी मात्र 90 सीट पर किंतु अंतिम परिणाम में 225 सीट जीत जाती है क्यों लोकसभा चुनाव एक ही दिन में करायें जाए और मतदान समाप्त के बाद मत गणना कराई जाए

भारत के संविधान और भारत के मतदाताओं और अत्यंत भारत की जनता के प्रति भारत के चुनाव आयोग की सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारी है कि भारत में होने वाले चुनाव और चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से स्वतंत्र निष्पक्ष और पारदर्शी हो ताकि 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र का भारत का प्रत्येक नागरिक मतदाता सूची में नामांकित हो सके! अधिवक्ता सभा के नगर अध्यक्ष ने कहा कि हमारी मांग है ईवीएम हटाओ केवल बैलट पेपर से चुनाव कराकर भारत बचाओ संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ! ज्ञापन के दौरान सपा अधिवक्ता सभा नगर अध्यक्ष जमालुद्दीन जुनैदी, उपाध्यक्ष आनंद शुक्ला, मिंटू यादव, नरेंद्र सिंह पिंटू ठाकुर, नसरुद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय लोक दल प्रवक्ता सुरेश गुप्ता,वरिष्ठ नेता अशोक यादव, सुलेखा यादव, पूजा यादव, सिंपल सिंह,अपर्णा जैन, रमेश यादव, राजू पहलवान, मुमताज मंसूरी, इत्यादि लोग मौजूद रहे!













बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।